Title: Demanded an enquiry into the alleged manipulation in the distribution of petrol-pumps in the states of Bihar, Uttar Pradesh and Haryana.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, दिल्ली में मई-जून महीने की भंयकर गर्मी में बिजली की आपूर्ति में भारी कमी होने से लाखों की संख्या में जनता परेशान रही है। अब जुलाई-अगस्त के महीने में भी 18-18, 20-20 घंटे बिजली की कटौती चल रही है। छोटे-छोटे बच्चे तड़प रहे हैं। इस बिजली कटौती का विशो असर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र की पुनर्वास बस्तियों, गावों तथा कालोनियों में दिखाई दे रहा है और इस गर्मी के अंदर लोग बुरी तरह से बिलख रहे हैं। अनेकों शिकायतें करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ट्रांसफार्मर पुराने हैं जिन्हें बदला नहीं गया है। दिल्ली में कांग्रेस सरकार बिजली आपूर्ति में सुधार लाने के लिये पूरी तरह विफल रही है। दिल्ली के लाखों लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि राजधानी दिल्ली की विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिये आवश्यक कदम उठाये जायें ताकि लोगों को इस भंयकर गर्मी से राहत मिल सके।